**01/09**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किर्गिज गणराज्य की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन - SCO के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की छब्बीसवीं बैठक में हिस्सा लिया। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और आतंकवादियों को सुरक्षित पनाह देने वाले पूरे तंत्र को खत्म करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के मामले में दोहरे मानदंड के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। श्री मोदी ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी संघर्षों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युद्ध और संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं तथा सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऐसे सभी प्रयासों का समर्थन करता है, जो बाज़ारों को जोड़ते हैं, व्यापार को सुगम बनाते हैं और विकास के नए अवसर खोलते हैं।

0000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई में केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोयल के साथ मुलाकात की। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और सतत

विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। सोशल मीडिया पोस्ट में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गोयल के बहुमूल्य सुझाव और अनुभव प्रदेश की पारिस्थितिक जिम्मेदारियों तथा लोगों की विकास संबंधी आकांक्षाओं के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में आगे भी महत्वपूर्ण रहेंगे।

0000000000000000000000000000

खोंसा मेडिकल कॉलोनी से क्लब कॉलोनी क्षेत्र की ओर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री की विश्वसनीय सूचना के आधार पर असम राइफल्स द्वारा अरुणाचल प्रदेश पुलिस और CRPF के समन्वय से संयुक्त अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान क्लब कॉलोनी की ओर जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। पूछताछ और गहन तलाशी के दौरान उसके कब्जे से संदिग्ध प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किए गए। गिरफ्तार व्यक्ति को बरामद सामान सहित आगे की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए खोंसा पुलिस थाने को सौंप दिया गया है।

0000000000000000000000000000

कैपिटल पुलिस, ईटानगर द्वारा आज देरा नातुङ गवर्मेंट कॉलेज के सहयोग से कॉलेज विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता, NDPS अधिनियम और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, नए आपराधिक कानूनों तथा पुलिस-जनसंबंधों पर जागरूकता कार्यक्रम का

आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैपिटल पुलिस अधीक्षक जुम्मार बासार ने विशेष जानकारी दी। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध की रोकथाम तथा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की व्यापक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए साइबर अपराध, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अन्य प्रकार की आपराधिक गतिविधियों जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने में कानून-प्रवर्तन एजेंसियों और समुदाय के बीच समन्वित प्रयासों के महत्व पर भी बात की।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग ज़िले के रुक्सिन, पासीघाट और मेबो सब डिविज़न के आदी समुदाय द्वारा आज अपने प्रमुख फसल उत्सव सोलुङ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। तीन दिवसीय उत्सव की शुरुआत विभिन्न गांवों में सोलुङ फ़्लेग फहराने और देवी कीने-नाने के अनुष्ठानिक के साथ हुई। इस दौरान अच्छी धान की फसल और अन्य बागवानी फसलों की समृद्धि के साथ-साथ समुदाय के लोगों और घरेलू पशुओं के कल्याण की कामना की जाती है। पासीघाट डिवीजन के ङोरलुङ (Ngorlung) गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए, आरडब्ल्यूडी कार्यकारी अभियंता जोरसिङ मोयोङ ने कहा कि सोलुङ केवल फसल आधारित उत्सव नहीं है, बल्कि यह उनके पूर्वजों की पारंपरिक मान्यताओं की विरासत भी है। उन्होंने कहा कि यह युवाओं में अपनी जीवंत परंपराओं को संरक्षित करने की भावना विकसित करने का भी अवसर है। श्री मोयोङ ने गांव

के बुजुर्गों गांव बुढा एवं महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। ज़िले के पासीघाट और मेबो सब डिविज़न के विभिन्न गांवों में भी इसी तरह के समारोह आयोजित किए जा रहें हैं।

000000000000000000000000000

तवाङ उपायुक्त नामग्याल आंङमो ने आज शाक्यमुनि बुद्ध के पवित्र अवशेषों के दर्शन एवं प्रदर्शनी के संबंध में एक समन्वय बैठक आयोजित की। पवित्र अवशेष प्रदर्शनी आगामी इक्तीस अक्टूबर से सात नवंबर तक तवांग में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पवित्र अवशेष प्रदर्शनी अत्यंत महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और सार्वजनिक आयोजन है तथा इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रत्येक विभाग, संस्थान, संगठन और व्यक्ति से पूरे सहयोग और सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने विशेष रूप से स्वच्छता और उचित कचरा प्रबंधन पर ज़ोर दिया तथा सभी से स्वच्छता को नियमित आदत बनाने और हर सार्वजनिक एवं संस्थागत मंच पर इस विषय को लगातार उठाने का आग्रह किया।

000000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ और पापुम पारे ज़िले के लिए अगले चौबीस घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज बारिश का येलो अलेर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000